GOOGLE सेवा की शर्तें

प्रभावी 30 जुलाई 2026

संग्रह किए गए वर्शन

## इन शर्तों में क्या-क्या शामिल है

# आप शायद इन सेवा की शर्तों को बिना पढ़े आगे बढ़ना चाहते हों, लेकिन आपके लिए यह जानना बहुत ज़रूरी है कि Google की सेवाएं इस्तेमाल करते समय आप हमसे क्या उम्मीद कर सकते हैं और हम आपसे क्या उम्मीद करते हैं.

सेवा की इन शर्तों से Google के कारोबार के काम के तरीके, हमारी कंपनी पर लागू होने वाले कानूनों, और हमारे लिए हमेशा से सही मानी जाने वाली चीज़ों का पता चलता है. इस तरह, ये सेवा की शर्तें यह तय करने में मदद करती हैं कि हमारी सेवाओं के साथ इंटरैक्ट करते समय, आपके और Google के बीच कैसा रिश्ता होना चाहिए. उदाहरण के लिए, शर्तों में इन शीर्षकों वाले विषय शामिल होते हैं:

- आप हमसे क्या उम्मीद कर सकते हैं - इसमें बताया गया है कि हम अपनी सेवाएं किस तरह उपलब्ध कराते हैं और किस तरह उन्हें बेहतर बनाते हैं

- हम आपसे क्या उम्मीद करते हैं - इसमें हमारी सेवाओं के इस्तेमाल से जुड़े कुछ खास नियम बताए गए हैं

- Google सेवाओं की सामग्री - इससे आपको हमारी सेवाओं में मिलने वाली सामग्री के बौद्धिक संपत्ति के अधिकारों की जानकारी मिलती है — चाहे वह सामग्री आपकी हो, Google की हो या किसी और की हो

- समस्याएं या असहमतियां होने पर क्या होता है - इससे आपको अपने दूसरे कानूनी अधिकारों की जानकारी मिलती है और यह भी पता चलता है कि अगर कोई इन शर्तों का उल्लंघन करता है, तो आप क्या उम्मीद कर सकते हैं

इन शर्तों को समझना ज़रूरी है, क्योंकि ये शर्तें स्वीकार करने के बाद ही आप हमारी सेवाओं का इस्तेमाल कर सकते हैं हमारा सुझाव है कि आप इन शर्तों को डाउनलोड कर लें, ताकि आने वाले समय में, ज़रूरत

पड़ने पर इन्हें देखा जा सके. हम इन शर्तों और इनके पिछले सभी वर्शन की जानकारी हमेशा यहां उपलब्ध कराते हैं.

इन शर्तों के अलावा, हमारी एक निजता नीति भी है. हालांकि, यह नीति इन शर्तों का हिस्सा नहीं है, लेकिन हम सलाह देते हैं कि आप इसे पढ़ें. इससे आप बेहतर तरीके से समझ पाएंगे कि आप अपनी निजी जानकारी को कैसे मिटा सकते हैं और उसे कैसे अपडेट, प्रबंधित, और एक्सपोर्ट कर सकते हैं.

# शर्तें

## सेवा देने वाली कंपनी

यूरोपीय आर्थिक क्षेत्र (ईईए) और स्विट्ज़रलैंड में, Google की सेवाएं यह कंपनी उपलब्ध कराती है:

Google Ireland Limited
आयरलैंड के कानून के तहत गठित और संचालित
(पंजीकृत संख्या: 368047 / वैट नंबर: IE6388047V)

Gordon House, Barrow Street
डबलिन 4
आयरलैंड

## उम्र से जुड़ी शर्तें

अगर अभी आपकी उम्र, अपना Google खाता खुद प्रबंधित करने के लिए तय की गई ज़रूरी उम्र से कम है, तो Google खाते का इस्तेमाल करने के लिए आपको अपने माता-पिता या कानूनी अभिभावक की अनुमति लेनी होगी. कृपया इन शर्तों को अपने माता-पिता या कानूनी अभिभावक को पढ़ने के लिए कहें.

अगर आप माता-पिता या कानूनी अभिभावक हैं जिन्होंने इन शर्तों को स्वीकार किया है और अपने बच्चे को इन सेवाओं के इस्तेमाल की अनुमति दी है, तो लागू होने वाले कानून में दी गई सीमा तक, सेवाओं पर बच्चे की गतिविधि के लिए आप ही ज़िम्मेदार होंगे.

कुछ Google सेवाओं में उम्र से जुड़ी दूसरी शर्तें भी होती हैं. इन शर्तों की जानकारी सेवा की खास शर्तों और नीतियों में दी जाती है.

---

# Google के साथ आपका रिश्ता

इन शर्तों से आपके और Google के बीच रिश्ता कायम करने में मदद मिलती है. जब हम “Google,” “हम,” “हमें,” “हमारा,” और “हमारे,” कहते हैं, तो इसका मतलब है कि हम Google Ireland Limited और इसके तहत काम करने वाली कंपनियों की बात कर रहे हैं. मोटे तौर पर, हम आपको अपनी सेवाओं को ऐक्सेस करने और इस्तेमाल करने की अनुमति देते हैं. हालांकि, इसके लिए ज़रूरी है कि आपने इन शर्तों का पालन करने के लिए सहमति दी हो. इन शर्तों से पता चलता है कि Google का कारोबार कैसे काम करता है और हम पैसे किस तरह कमाते हैं.

## आप हमसे क्या उम्मीद कर सकते हैं

### कई तरह की उपयोगी सेवाएं उपलब्ध करवाना

हम कई तरह की सेवाएं उपलब्ध कराते हैं, जिन पर ये शर्तें लागू होती हैं. इनमें ये सेवाएं शामिल हैं:

- ऐप्लिकेशन और साइटें (जैसे, Search और Maps)
- प्लैटफ़ॉर्म (जैसे, Google Shopping)
- इंटिग्रेट की गई सेवाएं (जैसे, अन्य कंपनियों के ऐसे ऐप्लिकेशन या साइटें जिनमें Maps को एम्बेड किया गया है)
- डिवाइस (जैसे, Google Nest और Pixel)

इनमें से कई सेवाओं में ऐसा कॉन्टेंट भी शामिल होता है जिसे स्ट्रीम किया जा सकता है या जिसके साथ इंटरैक्ट किया जा सकता है.

हमारी सेवाएं साथ मिलकर काम करने के लिए डिज़ाइन की गई हैं. इस वजह से, आपके लिए एक गतिविधि से अगली गतिविधि पर जाना ज़्यादा आसान होता है. उदाहरण के लिए, अगर आपके Calendar के इवेंट में कोई पता शामिल है, तो उस पते पर पहुंचने के लिए Maps की मदद ली जा सकती है. इसके लिए, आपको उस पते पर क्लिक करना होगा.

## Google की सेवाओं को बेहतर बनाना और उन्हें अपडेट और डेवलप करना

ऊपर दी गई सभी शर्तों के मुताबिक, वैसे तो "सेवाओं" शब्द के दायरे में बहुत सी चीज़ें आती हैं, लेकिन इस कानून के तहत कुछ चुनिंदा मामलों में "डिजिटल कॉन्टेंट", "सेवाओं", और "प्रॉडक्ट" का मतलब अलग-अलग हो सकता है. इसलिए, हम इस सेक्शन और कानूनी गारंटी सेक्शन में ज़्यादा सटीक शब्द ही इस्तेमाल करते हैं.

हम अपनी सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार नई टेक्नोलॉजी और सुविधाएं विकसित कर रहे हैं. उदाहरण के तौर पर, हम आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग जैसी टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल करके, तुरंत अनुवाद जैसी सुविधाएं देते हैं. इनकी मदद से, हम आपके डिवाइस में मौजूद मैलवेयर और स्पैम को बेहतर तरीके से पहचानकर, उन्हें रोकने की सुविधा भी देते हैं.

हम अपने डिजिटल कॉन्टेंट, सेवाओं, और प्रॉडक्ट के लगातार विकास के भाग के रूप में उनमें बदलाव करते रहते हैं. उदाहरण के लिए, कुछ सुविधाओं और फ़ंक्शन को जोड़ना या हटाना, इन्हें इस्तेमाल करने की सीमा को घटाना या बढ़ाना, और नए डिजिटल कॉन्टेंट या सेवाएँ उपलब्ध कराना या पुराने कॉन्टेंट या सेवाओं को बंद करना. हम यहां दी गई अन्य वजहों से भी अपने डिजिटल कॉन्टेंट या सेवाओं में बदलाव कर सकते हैं

- नई टेक्नोलॉजी जोड़ने पर
- यह दिखाने के लिए कि किसी सेवा को इस्तेमाल करने वाले लोगों की संख्या में कितनी कमी या बढ़ोतरी हुई है
- तीसरे पक्ष के साथ हमारी साझेदारी और लाइसेंसों में हुए मुख्य बदलावों को दिखाने के लिए
- आपको बुरे बर्ताव या किसी भी तरह के नुकसान से बचाने के लिए
- कानूनी मसलों, नियमों के पालन या सुरक्षा से जुड़ी समस्याएं हल करने के लिए

हमें कानूनी तौर पर ज़रूरी अपडेट भी करने होंगे. ये ऐसे अपडेट होते हैं जिनकी मदद से हम यह पक्का करते हैं कि डिजिटल कॉन्टेंट, सेवाएं या प्रॉडक्ट कानूनी तौर पर मान्य हों. हम कम से कम उतनी समयावधि के लिए ये अपडेट ज़रूर करेंगे जिसका ज़िक्र कानूनी गारंटी सेक्शन में किया गया है. हम ये अपडेट अपने डिजिटल कॉन्टेंट, प्रॉडक्ट, और सेवाओं को सुरक्षित रखने के लिए करते हैं. सुरक्षा से जुड़ी दूसरी चीज़ों को ध्यान में

रखकर और हमारे डिजिटल कॉन्टेंट, प्रॉडक्ट, और सेवाओं की क्वालिटी के स्टैंडर्ड को आपकी उम्मीद के मुताबिक बनाए रखने के लिए भी ये अपडेट किए जाते हैं. क्वालिटी के स्टैंडर्ड के बारे में कानूनी गारंटी सेक्शन में बताया गया है. सुरक्षा से जुड़े जोखिमों से बचाने वाले अपडेट, अपने-आप इंस्टॉल हो सकते हैं. इनके अलावा, अन्य सभी अपडेट को इंस्टॉल करने या न करने का फ़ैसला आपका होता है.

हम अपने उत्पादों के लिए कड़े मानकों वाले शोध कार्यक्रम चलाते हैं. हम किसी भी सेवा में बदलाव करने या उसे बंद करने से पहले, यह देखते हैं कि ऐसा करना कितना ज़रूरी है. साथ ही, ऐसा करते समय एक उपयोगकर्ता के तौर पर आपके हितों, आपकी सही अपेक्षाओं, और आप पर या दूसरों पर होने वाले संभावित असर का भी पूरा ख्याल रखा जाता है. कोई ठोस वजह होने पर ही हम सेवाओं में बदलाव करते हैं या उन्हें बंद करते हैं.

अगर हमारे किए गए किसी बदलाव की वजह से आपको हमारे डिजिटल कॉन्टेंट या सेवाओं को ऐक्सेस या इस्तेमाल करने में समस्या होने वाली है या अगर हम किसी सेवा को बंद करने वाले हैं, तो आपको ईमेल भेजकर इसकी सूचना सही समय पर पहले ही दे दी जाएगी. इस ईमेल में, यह भी बताया जाएगा कि हम कौनसे बदलाव करने वाले हैं और वे कब लागू होंगे. अगर इन बदलावों की वजह से आपको कोई गंभीर नुकसान होता है, तो ईमेल में यह जानकारी भी दी जाएगी कि आपके पास हमारे साथ हुए कानूनी समझौते को खत्म करने का अधिकार है. हालांकि, बुरे बर्ताव या नुकसान को रोकने, कानूनी ज़रूरतों को पूरा करने या सुरक्षा और संचालन की समस्याओं को ठीक करने से जुड़े मामलों में पहले सूचना नहीं दी जाएगी. साथ ही, आपको Google Takeout का इस्तेमाल करके अपने कॉन्टेंट को अपने Google खाते से एक्सपोर्ट करने का मौका दिया जाएगा. यह प्रक्रिया लागू कानून और हमारी नीतियों के मुताबिक पूरी की जाएगी.

# हम आपसे क्या उम्मीद करते हैं

## इन शर्तों और किसी खास सेवा की अतिरिक्त शर्तों का पालन करें

हमारी सेवाओं को ऐक्सेस और इस्तेमाल करने के लिए आपको दी गई अनुमति तब तक जारी रहेगी, जब तक आपसे यहां दी गई शर्तों और नियमों के उल्लंघन की कोई गलती नहीं होगी:

- **ये शर्तें**
- **किसी सेवा की अतिरिक्त शर्तें**, जिसमें कुछ और चीज़ें शामिल हो सकती हैं, जैसे कि उम्र से जुड़ी अतिरिक्त शर्तें

आप इन शर्तों को पीडीएफ़ फ़ॉर्मैट में देख सकते हैं. साथ ही, इन्हें कॉपी और सेव कर सकते हैं. अपने Google खाते में साइन इन करके, आप इन शर्तों और किसी सेवा की खास शर्तों को स्वीकार कर सकते हैं.

आम सवालों के जवाब देने और हमारी सेवाओं के इस्तेमाल को लेकर उम्मीदें तय करने के लिए हम आपके लिए कई नीतियां, सहायता केंद्र, और दूसरे संसाधन भी उपलब्ध कराते हैं. इन संसाधनों में हमारी निजता

नीति, कॉपीराइट सहायता केंद्र, सुरक्षा केंद्र, पारदर्शिता केंद्र, और हमारी नीतियों वाली साइट से ऐक्सेस किए जा सकने वाले अन्य पेज शामिल हैं. आखिर में, हम अपनी सेवाओं में खास निर्देश और चेतावनियां दे सकते हैं – जैसे, ऐसा डायलॉग बॉक्स दिखाना जो आपको अहम जानकारी के बारे में सूचना दे.

भले ही हम आपको अपनी सेवाएं इस्तेमाल करने की अनुमति देते हैं, लेकिन हम इन सेवाओं से जुड़े बौद्धिक संपत्ति के सभी अधिकार हमारे पास ही रहते हैं.

## दूसरों का सम्मान करें

हम ऐसा माहौल बनाकर रखना चाहते हैं जहां सभी का सम्मान हो. इसके लिए आपको व्यवहार से जुड़े इन मूल नियमों का पालन करना होगा:

- लागू कानूनों का पालन करना, जिनमें एक्सपोर्ट पर लागू नियंत्रण, पाबंदियां, और मानव तस्करी से जुड़े कानून शामिल हैं

- दूसरों के अधिकारों का सम्मान करना, जिसमें निजता और बौद्धिक संपत्ति के अधिकार शामिल हैं

- दूसरों को या खुद को नुकसान न पहुंचाना या दूसरों के साथ या अपने साथ बुरा बर्ताव न करना (या न तो ऐसे नुकसान या बुरे बर्ताव की धमकी देना या इन्हें बढ़ावा देना). उदाहरण के लिए, दूसरों को भ्रम में डालना, उनसे झूठ बोलना, गैरकानूनी तरीके से उनका नाम इस्तेमाल करके कोई काम करना, उनकी मानहानि करना, उन्हें डराना, धमकी देना, उनका उत्पीड़न करना या उन्हें स्टॉक करना

हमारी किसी सेवा की अतिरिक्त शर्तों और नीतियों में, उस सेवा को सही तरीके से इस्तेमाल करने के बारे में कुछ अतिरिक्त शर्तों और नीतियों की जानकारी दी जाती है. इनका पालन उस सेवा को इस्तेमाल करने वाले हर व्यक्ति को करना चाहिए. जैसे, जनरेटिव एआई के इस्तेमाल से जुड़ी पाबंदियों के बारे में नीति में बताई गई अतिरिक्त शर्तें और नीतियां. अगर आपको लगता है कि कोई व्यक्ति इन नियमों का पालन नहीं कर रहा है, तो आपके पास गलत इस्तेमाल की शिकायत करने की सुविधा होती है. आपको हमारी कई सेवाओं पर यह सुविधा मिलती है. अगर हम किसी सेवा के गलत इस्तेमाल की शिकायत मिलने पर कोई कार्रवाई करते हैं, तो हम उसके लिए अपनाई गई प्रोसेस की जानकारी भी देते हैं. इस प्रोसेस के बारे में, समस्याएं होने पर कार्रवाई करना सेक्शन में बताया गया है.

## हमारी सेवाओं का गलत इस्तेमाल न करें

हमारी सेवाओं को ऐक्सेस या इस्तेमाल करने वाले ज़्यादातर लोग उन सामान्य नियमों को समझते हैं जिनकी मदद से इंटरनेट को सभी के लिए उपलब्ध कराया जाता है और सुरक्षित रखा जाता है. अफ़सोस है कि कुछ लोग इन नियमों का पालन नहीं करते हैं. इसलिए, हम यहां उन लोगों के बारे में जानकारी दे रहे हैं. इससे हमें अपनी सेवाओं का गलत इस्तेमाल रोकने और उपयोगकर्ताओं को बुरे बर्ताव से बचाने में मदद मिलती है. इस बात को ध्यान में रखते हुए:

आपको हमारी सेवाओं या सिस्टम का गलत इस्तेमाल नहीं करना चाहिए, उन्हें नुकसान नहीं पहुंचाना चाहिए, उनमें रुकावट नहीं डालनी चाहिए या उनसे छेड़छाड़ नहीं करनी चाहिए. उदाहरण के लिए:

- मैलवेयर का इस्तेमाल करना
- स्पैम करना, हैकिंग करना या हमारे सिस्टम या सुरक्षा से जुड़े इंतज़ामों को बायपास करना
- डिवाइस से निर्माता की पाबंदियों को हटाना, जानकारी हासिल करने की कोशिश करना या प्रॉम्प्ट इंजेक्शन का इस्तेमाल करना. हालांकि, सुरक्षा और गड़बड़ी की जांच करने वाले हमारे प्रोग्राम के हिस्से के तौर पर, ऊपर बताए गए काम किए जा सकते हैं
- धोखाधड़ी या गुमराह करने के मकसद से हमारी सेवाओं या कॉन्टेंट को ऐक्सेस करना या इस्तेमाल करना. जैसे:
    - फ़िशिंग का इस्तेमाल करना
    - नकली खाते या कॉन्टेंट बनाना. इसमें झूठी समीक्षाएं लिखना भी शामिल है
    - लोगों को गुमराह करना कि जनरेटिव एआई की मदद से बनाया गया कॉन्टेंट किसी इंसान ने बनाया है
    - ऐसी सेवाएं उपलब्ध कराना जिनके बारे में लगता है कि उन्हें आपने (या किसी दूसरे व्यक्ति ने) बनाया है, जबकि वे हमारी सेवाएं हैं
- ऐसी सेवाएं उपलब्ध कराना जिनके बारे में लगता है कि वे हमारी सेवाएं हैं, जबकि असल में ऐसा नहीं है
- किसी व्यक्ति के कानूनी अधिकारों का उल्लंघन करने के लिए हमारी सेवाओं और इनमें दिखाया जाने वाला कॉन्टेंट इस्तेमाल करना. जैसे, बौद्धिक संपत्ति या निजात के अधिकार
- ट्रेड सीक्रेट या मालिकाना हक की अन्य जानकारी हासिल करने के लिए हमारी सेवाओं या इनमें इस्तेमाल होने वाली टेक्नोलॉजी (जैसे, मशीन लर्निंग मॉडल) में रिवर्स इंजीनियरिंग करना. ऐसा सिर्फ़ तब किया जा सकता है, जब लागू कानूनों के मुताबिक इसकी अनुमति हो
- हमारे वेब पेजों पर मौजूद, मशीन से पढ़े जा सकने वाले निर्देशों का उल्लंघन करने के लिए, हमारी किसी भी सेवा के कॉन्टेंट को अपने-आप काम करने वाली प्रोसेस का इस्तेमाल करके ऐक्सेस करना. उदाहरण के लिए, ऐसी robots.txt फ़ाइलों का इस्तेमाल करना जो क्रॉलिंग, ट्रेनिंग या अन्य गतिविधियों की अनुमति नहीं देती हैं

- मशीन लर्निंग के मॉडल या इससे जुड़ी एआई टेक्नोलॉजी डेवलप करने के लिए, हमारी सेवाओं से लिया गया ऐसा कॉन्टेंट इस्तेमाल करना जिसे एआई से बनाया गया है

- इन शर्तों का उल्लंघन करने के लिए, अपनी पहचान को छिपाना या अपनी गलत पहचान बताना

- ऐसी सेवाएं उपलब्ध कराना जो दूसरे लोगों को इन शर्तों का उल्लंघन करने के लिए बढ़ावा देती हैं

## अपनी सामग्री के इस्तेमाल की अनुमति देना

हमारी कुछ सेवाएं आपको अपनी सामग्री को अपलोड करने, सबमिट करने, स्टोर करने, भेजने, पाने, या शेयर करने देने के हिसाब से डिजाइन की गई हैं. आप हमारी सेवाओं के लिए सामग्री उपलब्ध कराने के लिए जवाबदेह नहीं हैं. आप हमें अपनी पसंद के मुताबिक सामग्री उपलब्ध कराने के लिए स्वतंत्र हैं. अगर आप सामग्री अपलोड या शेयर करने का विकल्प चुनते हैं, तो कृपया पक्का कर लें कि आपके पास उसे अपलोड या शेयर करने का जरूरी अधिकार हो और आपकी सामग्री कानूनी तौर पर सही हो.

## लाइसेंस

आपकी सामग्री आपकी ही रहती है. इसका मतलब है कि आपकी सामग्री के बौद्धिक संपत्ति से जुड़े सभी अधिकार आपके पास ही रहते हैं. उदाहरण के लिए, आपके पास अपनी बनाई हुई क्रिएटिव सामग्री (जैसे कि आपकी लिखी समीक्षाएं) का बौद्धिक संपत्ति का अधिकार होता है. अगर किसी व्यक्ति ने आपको अनुमति दी है, तो आपके पास उसकी क्रिएटिव सामग्री को शेयर करने का अधिकार भी हो सकता है.

अगर आपके बौद्धिक संपत्ति के अधिकार हमें आपकी सामग्री इस्तेमाल करने से रोकते हैं, तो हमें आपकी अनुमति की ज़रूरत होगी. आप इस लाइसेंस की मदद से, Google को ऐसा करने की अनुमति देते हैं.

### इसमें क्या-क्या शामिल है

अगर आपकी सामग्री को बौद्धिक संपत्ति के अधिकार से सुरक्षित किया गया है, तो उसे इस लाइसेंस में शामिल किया जाता है.

## इसमें क्या शामिल नहीं है

- इस लाइसेंस से आपके डेटा सुरक्षा के अधिकारों पर कोई असर नहीं पड़ता — इसका संबंध सिर्फ़ आपके बौद्धिक संपत्ति के अधिकारों से है
- इस लाइसेंस में इस तरह की सामग्री शामिल नहीं होती:
    - अगर आप तथ्य वाली ऐसी जानकारी देते हैं जो सार्वजनिक तौर पर उपलब्ध है, जैसे कि स्थानीय कारोबार के पते में कोई सुधार, तो उस जानकारी के इस्तेमाल के लिए किसी लाइसेंस की ज़रूरत नहीं होती. ऐसा इसलिए, क्योंकि इस तरह की जानकारी को सामान्य ज्ञान माना जाता है जिसका इस्तेमाल सभी लोग कर सकते हैं.
    - आपकी राय, सुझाव या शिकायत, जैसे कि हमारी सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए दिए गए सुझाव, राय या शिकायत. इन्हें नीचे दिए गए सेवा से जुड़े संचार सेक्शन में शामिल किया जाता है.

## दायरा

यह लाइसेंस:

- दुनिया भर के लिए है, जिसका मतलब है कि यह दुनिया भर में कहीं भी मान्य है
- ज़रूरी नहीं है कि सिर्फ़ हमें ही दिया जाए. आप अपनी सामग्री का लाइसेंस दूसरों को भी दे सकते हैं
- रॉयल्टी वाला नहीं है, यानी इस लाइसेंस के लिए कोई शुल्क नहीं चुकाना पड़ता

## अधिकार

इस लाइसेंस से, सिर्फ़ खास मकसदों के लिए ही Google ये काम कर सकता है. इन मकसदों के बारे में नीचे दिए गए मकसद सेक्शन में बताया गया है:

- सिर्फ़ तकनीकी वजहों से आपकी सामग्री का इस्तेमाल करना - उदाहरण के लिए, आपकी सामग्री को अपने सिस्टम पर सेव करना और आपको उसे कहीं से भी ऐक्सेस करने की सुविधा देना या आपकी सामग्री का फ़ॉर्मैट बदलना, ताकि वह हमारी सेवाओं के हिसाब से सही हो.

- आपकी सामग्री को सार्वजनिक रूप से सिर्फ़ उस सीमा तक उपलब्ध कराना जिस सीमा तक आपने उसे दूसरों को दिखाने की अनुमति दी है

- इन अधिकारों का उप-लाइसेंस इन्हें देना:

  - दूसरे उपयोगकर्ताओं को ताकि सेवाएं उसी तरह काम कर सकें जिस तरह उन्हें डिज़ाइन किया गया है, उदाहरण के लिए, आप जिसके साथ चाहें, फ़ोटो शेयर कर पाएं

  - हमारे साथ इन शर्तों के मुताबिक अनुबंध पर हस्ताक्षर करने वाले कॉन्ट्रैक्टर को, सिर्फ़ नीचे उद्देश्य सेक्शन में बताए गए सीमित उद्देश्यों के लिए

## उद्देश्य

यह लाइसेंस सेवाओं का संचालन करने के सीमित उद्देश्य के लिए है, जिसका मतलब है सेवाओं को डिज़ाइन किए गए तरीके से काम करने देना और नई सुविधाएंऔर फ़ंक्शन बनाने देना. इसमें आपकी सामग्री का विश्लेषण करने के लिए अपने-आप काम करने वाले सिस्टम और एल्गोरिदम का इस्तेमाल करना शामिल है:

- स्पैम, मैलवेयर और गैरकानूनी सामग्री के लिए

- डेटा में मौजूद पैटर्न की पहचान करने के लिए, उदाहरण के लिए, यह पता करना कि मिलते-जुलते फ़ोटो एक साथ रखने के लिए Google Photos में नए एल्बम का सुझाव कब देना है

- सेवाओं को पसंद के मुताबिक बनाने के लिए. जैसे कि सुझाव देने और मनमुताबिक खोज नतीजे, कॉन्टेंट, और विज्ञापन दिखाने के लिए (जिसे आप विज्ञापन की सेटिंग में जाकर बदल सकते हैं या बंद कर सकते हैं)

यह विश्लेषण सामग्री को भेजते ही, प्राप्त किए जाते ही और उसे संग्रहीत किए जाने पर किया जाता है.

### अवधि

यह लाइसेंस तब तक मान्य होता है, जब तक आपकी सामग्री बौद्धिक संपत्ति के अधिकारों के ज़रिए सुरक्षित रहती है या आप बौद्धिक संपत्ति के अधिकार खत्म होने से पहले अपनी सामग्री हमारी सेवाओं से हटा नहीं लेते.

अगर आप हमारी सेवाओं से ऐसी किसी सामग्री को हटाते हैं जो इस लाइसेंस में शामिल है, तो हमारा सिस्टम उचित समयावधि में उस सामग्री को सार्वजनिक तौर पर उपलब्ध कराना बंद कर देगा. इसके दो अपवाद हैं:

- अगर आपने अपनी सामग्री को हटाने से पहले उसे दूसरों से शेयर कर दिया है. उदाहरण के लिए, अगर आपने अपने दोस्त के साथ कोई फ़ोटो शेयर की और उसने इसकी कॉपी बना ली है या उसे फिर से शेयर कर दिया है, तो वह फ़ोटो आपके दोस्त के Google खाता में दिखती रहेगी भले ही, आपने उसे अपने Google खाता से हटा दिया हो.

- अगर आप दूसरी कंपनियों की सेवाओं का इस्तेमाल करके कॉन्टेंट उपलब्ध कराते हैं, तो यह मुमकिन है कि Google Search समेत दूसरे सर्च इंजन भी आपके कॉन्टेंट को ढूंढना और उसे अपने खोज नतीजों के तौर पर दिखाना जारी रखें.

# Google की सेवाओं का इस्तेमाल करना

## आपका Google खाता

अगर आप उम्र से जुड़ी ये ज़रूरी शर्तें पूरी करते हैं, तो आप अपनी सुविधा के लिए एक Google खाता बना सकते हैं. कुछ सेवाओं के लिए यह ज़रूरी है कि काम करने के लिए आपका एक Google खाता हो -

उदाहरण के लिए, Gmail का इस्तेमाल करने के लिए, आपका एक Google खाता होना चाहिए, ताकि आपके पास अपने ईमेल भेजने और पाने की एक जगह हो.

अपने Google खाते के साथ आप क्या करते हैं इसकी ज़िम्मेदारी आपकी ही होती है. इसमें अपने Google खाते को सुरक्षित रखने के लिए सही कदम उठाना भी शामिल है. साथ ही, हमारी सलाह है कि आप सुरक्षा जांच का इस्तेमाल नियमित रूप से करें.

## किसी संगठन या कारोबार की तरफ़ से Google सेवाओं का इस्तेमाल करना

कारोबार, गैर-लाभकारी संगठन, और स्कूल जैसे कई संगठनों को हमारी सेवाओं का फ़ायदा मिलता है. संगठन की ओर से हमारी सेवाओं का इस्तेमाल करने के लिए:

- उस संगठन के किसी अधिकृत प्रतिनिधि को इन शर्तों के लिए सहमति देनी होगी
- आपके संगठन का एडमिन आपको Google खाता असाइन कर सकता है. आपका एडमिन आपसे कुछ और नियमों का पालन करने के लिए कह सकता है. एडमिन के पास आपके Google खाते का इस्तेमाल करने और उसे बंद करने का अधिकार भी हो सकता है.

अगर आपका कामकाज यूरोपीय संघ में है, तो इन शर्तों का आपके उन अधिकारों पर कोई असर नहीं पड़ेगा जो शायद आपको ऑनलाइन मध्यस्थता सेवाओं के कारोबारी उपयोगकर्ता के तौर पर मिले हों — इनमें Google Play जैसे ऑनलाइन प्लैटफ़ॉर्म शामिल हैं — जो ईयू प्लैटफ़ॉर्म-टू-बिज़नेस रेगुलेशन के तहत आते हैं.

## सेवा संबंधी संचार

अपनी सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए, हम कभी-कभी आपको सेवा में हुए अहम बदलावों के एलान और सेवा से जुड़ी दूसरी जानकारी भेजते हैं. आपसे संपर्क करने के हमारे तरीके के बारे में ज़्यादा जानने के लिए, Google की निजता नीति देखें

अगर आप हमें कोई सुझाव देने का विकल्प चुनते हैं, तो हम आपको जवाब दिए बिना इन सुझावों पर कार्रवाई कर सकते हैं. जैसे कि हमारी सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए मिले आपके सुझाव.

## मोबाइल डेटा, वाई-फ़ाई, और अन्य इंटरनेट कनेक्शन के शुल्क

जब Google की सेवाओं या अपने डिवाइस का इस्तेमाल नहीं किया जा रहा होता है, तब भी Google की सेवाएं अक्सर इंटरनेट का इस्तेमाल कर सकती हैं. Google, ऐसा कई तरह के कामों के लिए करता है. जैसे, सॉफ़्टवेयर अपडेट उपलब्ध कराना और Google की सेवाओं, सुरक्षा, उपयोगकर्ता अनुभव, और/या Google के ऑपरेशन को ज़्यादा बेहतर बनाना. इसमें विज्ञापन भी शामिल हैं. इन कामों के लिए, मोबाइल डेटा, वाई-फ़ाई, और/या अन्य इंटरनेट कनेक्शन की ज़रूरत होती है. इससे, मोबाइल या इंटरनेट सेवा देने वाली कंपनियों से आपको मिलने वाले डेटा के खर्च पर असर पड़ सकता है. इन सभी नेटवर्क के इस्तेमाल और इनसे जुड़े शुल्क की ज़िम्मेदारी आपकी है. बेहतर होगा कि आप अपने मोबाइल या इंटरनेट सेवा के प्लान के साथ-साथ, अपने डिवाइस और नेटवर्क की सेटिंग की भी जांच कर लें.

# Google सेवाओं में मौजूद सामग्री

## आपकी सामग्री

हमारी कुछ सेवाएं आपको ओरिजनल कॉन्टेंट जनरेट करने की सुविधा देती हैं. Google उस कॉन्टेंट पर अपने मालिकाना हक का दावा नहीं करेगा.

हमारी कुछ सेवाएं आपको अपनी सामग्री को सार्वजनिक रूप से उपलब्ध करवाने का मौका देती हैं — उदाहरण के लिए, आप कोई उत्पाद या रेस्टोरेंट के बारे में अपनी लिखी समीक्षा पोस्ट कर सकते हैं, या आप अपना बनाया हुआ ब्लॉग पोस्ट अपलोड कर सकते हैं.

- अपनी सामग्री पर अपने अधिकारों के बारे में ज़्यादा जानने के लिए आपकी सामग्री इस्तेमाल करने की अनुमति सेक्शन देखें. साथ ही, यह भी देखें कि हमारी सेवाओं में आपकी सामग्री का इस्तेमाल कैसे किया जाता है.
- हम अपनी सेवाओं से यूज़र जनरेटेड कॉन्टेंट को क्यों और कैसे हटा सकते हैं इस बारे में जानने के लिए आपकी सामग्री को हटाना सेक्शन देखें

अगर आपको लगता है कि कोई आपके बौद्धिक संपत्ति के अधिकारों का उल्लंघन कर रहा है, तो आप हमें अधिकारों के उल्लंघन का नोटिस भेज सकते हैं. हम इस पर ज़रूरी कार्रवाई करेंगे. उदाहरण के लिए, हम

ऐसे Google खातों को बंद या निलंबित कर देते हैं जो कॉपीराइट का बार-बार उल्लंघन करते हैं. कॉपीराइट उल्लंघन के बारे में जानने के लिए हमारे कॉपीराइट सहायता केंद्र पर जाएं.

## Google की सामग्री

हमारी कुछ सेवाओं में Google से जुड़ा कॉन्टेंट शामिल है - उदाहरण के लिए, Google Maps में दिखने वाले बहुत-से विज़ुअल उदाहरण. आप इन शर्तों में और किसी खास सेवा की अतिरिक्त शर्तों में बताए गए तरीके से Google का कॉन्टेंट इस्तेमाल कर सकते हैं, लेकिन अपने कॉन्टेंट से जुड़े बौद्धिक संपत्ति के सभी अधिकार हमारे पास ही रहेंगे. हमारी ब्रैंडिंग, लोगो या कानूनी नोटिस को न हटाएं, धुंधला न करें, और न ही उन्हें बदलें. अगर आप हमारी ब्रैंडिंग या लोगो का इस्तेमाल करना चाहते हैं, तो कृपया Google ब्रैंड से जुड़ी अनुमतियां पेज देखें.

## अन्य सामग्री

हमारी कुछ सेवाएं आपको दूसरे लोगों या संगठनों के कॉन्टेंट को एक्सेस करने देती हैं — उदाहरण के लिए, किसी स्टोर के मालिक की अपने कारोबार के बारे में राय या Google News में दिखने वाला किसी अखबार का लेख. शायद आप उस व्यक्ति या संगठन की अनुमति या कानूनी तौर पर अनुमति लिए बिना इस कॉन्टेंट का इस्तेमाल न कर पाएं. दूसरे लोगों या संगठन के कॉन्टेंट में दी गई राय उनकी निजी राय है. ज़रूरी नहीं है कि Google की भी यही राय हो.

# Google सेवाओं में सॉफ़्टवेयर

हमारी कुछ सेवाओं में, पहले से लोड किया गया या डाउनलोड किया जा सकने वाला सॉफ़्टवेयर शामिल होता है. हम अपनी सेवाओं के हिस्से के तौर पर, आपको उस सॉफ़्टवेयर को इस्तेमाल करने की अनुमति देते हैं.

हमारा यह लाइसेंस आपको ये सुविधाएं देता है:

- दुनिया भर के लिए, जिसका मतलब है कि यह दुनिया भर में कहीं भी मान्य है

- खास नहीं, जिसका मतलब है कि हम सॉफ़्टवेयर का लाइसेंस दूसरों को दे सकते हैं
- बिना रॉयल्टी के, जिसका मतलब है कि इस लाइसेंस के लिए कोई शुल्क नहीं लगता
- निजी, जिसका मतलब है कि यह किसी और व्यक्ति के लिए मान्य नहीं है
- असाइन नहीं किया जा सकता, जिसका मतलब है कि आप यह लाइसेंस किसी दूसरे व्यक्ति को नहीं दे सकते

हमारी कुछ सेवाओं में ऐसा सॉफ़्टवेयर शामिल होता है जिसे उन ओपन सोर्स लाइसेंस की शर्तों के तहत पेश किया जाता है जो हम आपको उपलब्ध कराते हैं. कभी-कभी ओपन सोर्स लाइसेंस में ऐसे प्रावधान होते हैं जो इन शर्तों के कुछ हिस्सों को साफ़ तौर पर ओवरराइड करते हैं, इसलिए, कृपया उन लाइसेंस को ज़रूर पढ़ लें.

आप हमारी सेवाओं या सॉफ़्टवेयर के किसी भी हिस्से की कॉपी नहीं बना सकते, उनमें कोई बदलाव नहीं कर सकते, उन्हें बाँट या बेच नहीं सकते या लीज़ पर नहीं दे सकते.

---

# समस्याएं या असहमतियां होने की स्थिति में

कानूनी तौर पर और यहां दी गई शर्तों के मुताबिक, आपको (1) खास क्वालिटी की सेवा पाने, और (2) कुछ गलत होने पर समस्याएं ठीक करने के तरीके जानने का अधिकार है. अगर आप एक उपभोक्ता हैं, तो आपको वे सभी कानूनी अधिकार मिलते हैं जो आपके देश के कानून के तहत उपभोक्ताओं को मिलने चाहिए. साथ ही, आपको वे अधिकार भी मिलते हैं जो यहां दी गई शर्तों या किसी सेवा की खास शर्तों के तहत, उपभोक्ताओं को मिलने चाहिए.

## कानूनी गारंटी

अगर आप ईईए में रहने वाले उपभोक्ता हैं और आप हमारी सेवा की शर्तों से सहमत हैं, तो ईईए के उपभोक्ता कानून आपको कानूनी गारंटी देते हैं. इस गारंटी के दायरे में वह डिजिटल कॉन्टेंट, सेवाएं या प्रॉडक्ट आते हैं जो हम आपको उपलब्ध कराते हैं. अगर आपको हमारे डिजिटल कॉन्टेंट, प्रॉडक्ट या सेवाओं में कोई गड़बड़ी मिलती है, तो उसके लिए, इस गारंटी के तहत, हम इन स्थितियों में ज़िम्मेदार हैं:

- प्रॉडक्ट (जैसे कि फ़ोन) के डिलीवर होने के दो साल के अंदर या किसी डिजिटल कॉन्टेंट या सेवा (जैसे कि फ़िल्म) को खरीदकर हासिल करने के बाद

- प्रॉडक्ट (जैसे कि फ़ोन) के डिलीवर होने के दो साल के अंदर या किसी डिजिटल कॉन्टेंट या सेवा (जैसे कि फ़िल्म) को खरीदकर हासिल करने के बाद, उसमें गड़बड़ी मिलने पर

ऐसा हो सकता है कि आपके देश के कानून के मुताबिक आपको ज़्यादा समय तक गारंटी मिले. हमारी दी गई कमर्शियल गारंटी, कानूनी गारंटी के तहत मिलने वाले आपके अधिकारों को सीमित नहीं करती है. गारंटी का दावा करने के लिए, कृपया हमसे संपर्क करें.

## कानूनी जवाबदेही

### सभी उपयोगकर्ताओं के लिए

इन शर्तों के तहत, इन कामों के लिए कानूनी जवाबदेही को सीमित नहीं किया जाता है:

- धोखाधड़ी, बेईमानी करना या चीज़ों को गलत तरीके से पेश करना

- लापरवाही की वजह से किसी व्यक्ति की मौत होना या किसी को चोट लगना

- गंभीर लापरवाही करना

- जान-बूझकर बुरा व्यवहार करना

इसके अलावा, इन शर्तों से प्रॉडक्ट की कानूनी जवाबदेही से जुड़े कानून के तहत आपको मिले अधिकार सीमित नहीं होते हैं.

Google, उसके प्रतिनिधि या एजेंट की छोटी सी लापरवाही से हुए आर्थिक या संपत्ति के नुकसान के लिए, Google अनुबंध की सिर्फ़ उन ज़रूरी जवाबदेही का पालन न करने के लिए कानूनी तौर पर ज़िम्मेदार होगा जिनकी वजह से हुआ नुकसान वैसा ही है जिसका अनुमान अनुबंध खत्म होने पर होने वाले सामान्य नुकसान के तौर पर लगाया जा सकता है. अनुबंध की ज़रूरी जवाबदेही ऐसी जवाबदेही है जिसका पालन अनुबंध के हिसाब से काम करने के लिए ज़रूरी है. इससे अनुबंध करने वाले पक्ष यह भरोसा कर सकते हैं कि उनका पालन किया जाएगा. इससे, आपको नुकसान होने पर सबूत देने की आपकी ज़िम्मेदारी पर कोई असर नहीं पड़ता.

### सिर्फ़ कारोबारी उपयोगकर्ताओं और संगठनों के लिए

अगर आप एक कारोबारी उपयोगकर्ता या संगठन हैं, तो:

- मुमकिन है कि आपने गैर-कानूनी तरीके से इन सेवाओं को इस्तेमाल किया हो या आपने इन शर्तों या किसी सेवा की अतिरिक्त शर्तों का उल्लंघन किया हो. ऐसा होने पर या इसकी वजह से, कोई तीसरा पक्ष कानूनी कार्रवाइयां (इसमें सरकारी अधिकारियों की कार्रवाइयां शामिल हैं) कर सकता है. ऐसे में, लागू कानून के तहत, आपको Google और उसके डायरेक्टर, अधिकारियों, कर्मचरियों, और ठेकेदारों को ऐसी सभी कानूनी कार्रवाइयों की वजह से हुए नुक़सान की भरपाई करनी होगी. इस भरपाई में दावों, घाटों, नुकसान, फ़ैसलों, जुर्मानों, मुकदमे की लागतों, और कानूनी शुल्कों की वजह से होने वाली कानूनी जवाबदेही या खर्चे शामिल होते हैं. अगर Google की किसी गलती की वजह से कोई कानूनी कार्रवाई की गई है, तो इसके लिए आपको कोई भरपाई नहीं करनी होगी. जैसे, Google ने किसी कानून या नियम का उल्लंघन किया हो, उसकी लापरवाही की वजह से कोई गलती हुई हो या उसने जान-बूझकर कोई गलत काम किया हो.

- अगर आपको नुक़सान की भरपाई करने के साथ-साथ कुछ ज़िम्मेदारियों से कानूनी तौर पर छूट मिली हुई है, तो इन शर्तों के तहत वे ज़िम्मेदारियां आप पर लागू नहीं होतीं. उदाहरण के लिए, संयुक्त राष्ट्र को कानूनी ज़िम्मेदारियों से कुछ छूट मिली हुई है. इन शर्तों से उन छूटों पर कोई असर नहीं पड़ता.

## समस्याएं होने पर कार्रवाई करना

नीचे बताई गई कार्रवाई करने से पहले, हम ज़रूरी होने पर आपको पहले इसकी सूचना देंगे. साथ ही, अपनी कार्रवाई की वजह बताएंगे और आपको समस्या ठीक करने का मौका देंगे. हालांकि, हम तब ऐसा नहीं करेंगे, जब हमें वाकई लगेगा कि ऐसा करने से:

- किसी उपयोगकर्ता, तीसरे पक्ष या Google को नुकसान पहुंचता हो या उसकी कानूनी जवाबदेही बनती हो

- कानून या कानून लागू करवाने वाले अधिकारी के आदेश का उल्लंघन होता हो

- जांच पर गलत असर पड़ता हो

- हमारी सेवाओं का संचालन, अखंडता या सुरक्षा खतरे में पड़ती हो

### आपकी सामग्री हटाना

अगर हमारे पास यह मानने की ठोस वजहें हैं कि आपका कॉन्टेंट (1) इन शर्तों, किसी सेवा की अतिरिक्त शर्तों या नीतियों का उल्लंघन करता है, (2) लागू कानून के मुताबिक नहीं है या (3) हमारे उपयोगकर्ताओं, तीसरे पक्षों या Google को नुकसान पहुंचा सकता है, तो हमें लागू कानून के तहत आपके कॉन्टेंट के कुछ हिस्सों या पूरे कॉन्टेंट को हटाने का अधिकार है. उदाहरण के लिए, बच्चों बच्चों को लेकर बनाई गई पॉर्नोग्राफ़ी, ऐसी सामग्री जो मानव तस्करी या उत्पीड़न की सुविधा देती है, आतंकवाद से जुड़ी सामग्री, और ऐसी सामग्री जो किसी और के बौद्धिक संपत्ति के अधिकारों का उल्लंघन करती है.

## Google सेवाओं के आपके ऐक्सेस को निलंबित करना या खत्म करना

हमारे किसी भी अन्य अधिकार में बदलाव किए बिना, Google अपनी सेवाओं के लिए आपके ऐक्सेस को निलंबित या बंद कर सकता है. इसके अलावा, वह इनमें से कोई भी काम किए जाने पर आपका Google खाता मिटा सकता है:

- इन शर्तों, किसी सेवा की अतिरिक्त शर्तों या नीतियों का गंभीर रूप से या बार-बार उल्लंघन किया जा रहा है

- हमें कानून या अदालत के किसी आदेश का पालन करने के लिए ऐसा करना ज़रूरी है

- हमारे पास ऐसा मानने की ठोस वजहें है कि आपका बर्ताव किसी उपयोगकर्ता, तीसरे पक्ष या Google को नुकसान पहुंचाता है या इसकी कानूनी जवाबदेही आपकी है — उदाहरण के लिए, हैक करना, फ़िशिंग, उत्पीड़न करना, स्पैम करना, दूसरों को गुमराह करना या ऐसी किसी सामग्री को हटाना जो आपकी नहीं है

हम खाते क्यों बंद करते हैं और हमारे ऐसा करने पर क्या होता है, इस बारे में और जानकारी पाने के लिए यह सहायता केंद्र पेज देखें. अगर आपको लगता है कि आपका Google खाता गलती से निलंबित या बंद कर दिया गया है, तो आप अपील कर सकते हैं.

आप बेशक जब चाहें, हमारी सेवाएं इस्तेमाल करना बंद कर सकते हैं. ईईए में शामिल किसी देश से जुड़ा Google खाता इस्तेमाल करने वाला उपभोक्ता, इन शर्तों से अपनी सहमति वापस ले सकता है. हालांकि, ऐसा उसे इन शर्तों को स्वीकार करने के 14 दिनों के अंदर करना होगा. अगर आप किसी सेवा का इस्तेमाल बंद करते हैं, तो हम इसकी वजह जानना चाहेंगे, ताकि हम अपनी सेवाओं को लगातार बेहतर बना सकें.

# विवादों का हल निकालना, नियंत्रण करने वाले कानून, और अदालतें

Google से संपर्क करने के तरीके के बारे में जानकारी के लिए, कृपया हमारे संपर्क पेज पर जाएं.

अगर आप यूरोपीय आर्थिक क्षेत्र (ईईए) या स्विट्ज़रलैंड में रहते हैं या वहां काम करने वाला कोई संगठन हैं, तो इन शर्तों और इनके तहत Google के साथ आपके संबंध और किसी खास सेवा की अतिरिक्त शर्तों पर उस देश के कानून लागू होंगे जहां आप रहते हैं. साथ ही, आप अपनी स्थानीय अदालत में कानूनी मामला दर्ज कर सकते हैं. अगर आप ईईए में रहने वाले उपभोक्ता हैं, तो अपनी समस्याएं हल करने के लिए कृपया सीधे हमसे संपर्क करें. Google किसी कंज़्यूमर आर्बिट्रेशन बोर्ड के सामने विवाद सुलझाने की प्रक्रिया में हिस्सा लेने के लिए न तो बाध्य है और न ही इसके लिए तैयार है.

# इन शर्तों के बारे में जानकारी

कानून के मुताबिक, आपके पास कुछ खास अधिकार होते हैं जिन्हें सेवा की इन शर्तों, जैसे अनुबंधों द्वारा सीमित नहीं किया जा सकता. ये शर्तें किसी भी तरीके से उन अधिकारों पर पाबंदी नहीं लगाती हैं.

हम इन शर्तों को आसानी से समझने लायक बनाना चाहते हैं. इसलिए, हमने अपनी सेवाओं के उदाहरण इस्तेमाल किए हैं. हालांकि, हो सकता है कि बताई गई सभी सेवाएं आपके देश में उपलब्ध न हों.

हम इन शर्तों और किसी खास सेवा की अतिरिक्त शर्तों को इन वजहों से अपडेट कर सकते हैं (1) अपनी सेवाओं या हमारे कारोबार करने के तरीकों में हुए बदलावों की वजह से — उदाहरण के लिए, नई सेवाएं, सुविधाएं, टेक्नोलॉजी, कीमत या फ़ायदे जोड़ने पर (या पुरानी चीज़ें हटाने पर), (2) कानून या नियमों का पालन करने या सुरक्षा की वजहों से या (3) सेवाओं का गलत इस्तेमाल या नुकसान रोकने के लिए.

अगर हम इन शर्तों में या किसी सेवा की अतिरिक्त शर्तों में कोई बदलाव करते हैं, तो हम आपको बदलावों के लागू होने से कम से कम 15 दिन पहले इसकी सूचना देंगे. हम आपको बदलावों की सूचना देते समय, नई शर्तों और अहम बदलावों के बारे में बताएंगे. अगर बदलावों के लागू होने से पहले असहमति नहीं जताई जाती है, तो यह माना जाएगा कि आपने नई शर्तें स्वीकार कर ली हैं. इस सूचना में आपको असहमति ज़ाहिर करने का तरीका बताया जाएगा. आपके पास इन बदलावों को अस्वीकार करने का विकल्प है. ऐसा करने पर, ये बदलाव आपके लिए लागू नहीं होंगे. अगर समझौता रद्द करने की दूसरी सभी शर्तें पूरी होती हैं, तो हमारे पास इस समझौते को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित होगा. आपके पास अपना Google खाता बंद करने और हमारे साथ अपना रिश्ता खत्म करने का विकल्प भी है.

# शर्तों से सहमति वापस लेने के बारे में ईईए के निर्देश

ईईए में शामिल किसी देश से जुड़ा Google खाता इस्तेमाल करने वाले उपभोक्ता, ईईए के उपभोक्ता कानून के तहत, इस समझौते से अपनी सहमति वापस लेने के अधिकार का इस्तेमाल कर सकते हैं. सहमति कैसे वापस ली जाए, इस बारे में *अनुबंध से बाहर निकलने से जुड़े निर्देशों वाले ईयू के सैंपल* में बताया गया है.

## अनुबंध से बाहर निकलने का अधिकार

आपके पास इस अनुबंध से बाहर निकलने का अधिकार है. आप बिना कोई वजह बताए, 14 दिन के अंदर इस अनुबंध से बाहर निकल सकते हैं.

अनुबंध से बाहर निकलने की समयसीमा, अनुबंध शुरू होने के 14 दिन बाद खत्म हो जाएगी.

अगर आपने इस अनुबंध से बाहर निकलने के अधिकार का इस्तेमाल करने का फ़ैसला लिया है, तो आपको इसके बारे में साफ़ तौर पर हमें बताना होगा. उदाहरण के लिए, आपको ईमेल या डाक से पत्र भेजना होगा. हमें account-withdrawal@google.com पर ईमेल भेजा जा सकता है या +353 1 533 9837 पर कॉल किया जा सकता है. देश के हिसाब से फ़ोन नंबर नीचे देखें. इसके अलावा, Google Ireland Limited, Gordon House, Barrow Street, Dublin 4, Ireland पर हमें पत्र भी भेजा जा सकता है. अपने फ़ैसले के बारे में जानकारी देने के लिए यहां अटैच किए गए, अनुबंध से बाहर निकलने के फ़ॉर्म का सैंपल इस्तेमाल करें. हालांकि, ऐसा करना ज़रूरी नहीं है. g.co/EEAWithdrawalForm पर जाकर, ऑनलाइन भी अनुबंध से बाहर निकलने के अधिकार का इस्तेमाल किया जा सकता है. अगर इस ऑनलाइन सुविधा का इस्तेमाल किया जाता है, तो हम बिना देरी किए, ईमेल जैसे किसी स्थायी माध्यम से आपको पुष्टि की रसीद भेजेंगे. इसमें अनुबंध से बाहर निकलने से जुड़ी जानकारी और उसे सबमिट करने की तारीख और समय मौजूद होगा.

आपको सिर्फ़ अनुबंध से बाहर निकलने के अपने फ़ैसले के बारे में हमें बताना होगा. हालांकि, ऐसा आपको अनुबंध से बाहर निकलने की समयसीमा खत्म होने से पहले करना होगा.

## अनुबंध से बाहर निकलने पर क्या होगा

अगर आप इस अनुबंध से बाहर निकलते हैं, तो हम आपसे लिए गए पूरे पैसे वापस कर देंगे. इसमें डिलीवरी शुल्क भी शामिल होगा (अगर आपने स्टैंडर्ड डिलीवरी के अलावा किसी दूसरे टाइप की डिलीवरी का विकल्प चुना होगा, तो उस पर लगने वाला अतिरिक्त शुल्क वापस नहीं किया जाएगा). इसमें किसी तरह की देरी नहीं की जाएगी. अनुबंध से बाहर निकलने के आपके फ़ैसले की जानकारी मिलने के बाद, 14 दिन के अंदर आपको पूरे पैसे वापस कर दिए जाएंगे. आपको वापस की जाने वाली रकम उसी माध्यम से दी जाएगी जिसका इस्तेमाल करके आपने पैसे चुकाए थे. हालांकि, अगर आप कोई और विकल्प चुनते हैं, तो रकम आपके चुने गए माध्यम से वापस की जाएगी. आपको इस वापसी के लिए कोई भी शुल्क नहीं देना होगा.

## अनुबंध से बाहर निकलने की जानकारी देने के लिए सैंपल फ़ॉर्म

(अगर आप अनुबंध से बाहर निकलना चाहते हैं, तो इस फ़ॉर्म को भरें और यहां बताए गए पते पर भेजें)

— Google Ireland Limited, Gordon House, Barrow Street, Dublin 4, Ireland, account-withdrawal@google.com:

— मैं यह बताना चाहता/चाहती हूं कि मैं यहां बताई गई सेवा की बिक्री के लिए किए गए अनुबंध से बाहर निकलना चाहता/चाहती हूं, _____________

— ऑर्डर की तारीख, _____________

— उपभोक्ता का नाम, _____________

— उपभोक्ता का पता, _____________

— उपभोक्ता के हस्ताक्षर (इसकी ज़रूरत सिर्फ़ तब पड़ती है, जब फ़ॉर्म को पेपर पर भरकर सबमिट किया जा रहा हो), _____________

— तारीख _____________

## इन शर्तों से अपनी सहमति वापस लेने के लिए, Google से संपर्क करें

| देश | फ़ोन नंबर |
|---|---|
| ऑस्ट्रिया | 0800 001180 |
| एलैंड द्वीपसमूह | 0800 526683 |
| बेल्जियम | 0800 58 142 |
| बुल्गारिया | 0800 14 744 |
| कैनेरी द्वीपसमूह | +34 912 15 86 27 |
| सेउटा और मेलिला | +34 912 15 86 27 |
| क्रोएशिया | 0800 787 086 |
| साइप्रस | 80 092492 |
| चेकिया | 800 720 070 |
| डेनमार्क | 80 40 01 11 |
| एस्टोनिया | 8002 643 |
| फ़िनलैंड | 0800 520030 |
| फ़्रांस | 0 805 98 03 38 |
| फ़्रेंच गुयाना | 0805 98 03 38 |
| फ़्रेंच पोलिनेशिया | +33 1 85 14 96 65 |
| फ़्रांसीसी दक्षिणी क्षेत्र | +33 1 85 14 96 65 |
| जर्मनी | 0800 6270502 |

| | |
|---|---|
| यूनान | 21 1180 9433 |
| ग्वाडेलूप | 0805 98 03 38 |
| हंगरी | 06 80 200 148 |
| आइसलैंड | 800 4177 |
| आयरलैंड | 1800 832 663 |
| इटली | 800 598 905 |
| लातविया | 80 205 391 |
| लिचेंस्टीन | 0800 566 814 |
| लिथुआनिया | 0 800 00 163 |
| लग्ज़मबर्ग | 800 40 005 |
| माल्टा | 8006 2257 |
| मार्टीनिक | 0805 98 03 38 |
| मायोते | +33 1 85 14 96 65 |
| नीदरलैंड | 0800 3600010 |
| न्यू कैलेडोनिया | +33 1 85 14 96 65 |
| नॉर्वे | 800 62 068 |
| पोलैंड | 800 410 575 |
| पुर्तगाल | 808 203 430 |
| रियूनियन | 0805 98 03 38 |
| रोमानिया | 0800 672 350 |
| स्लोवाकिया | 0800 500 932 |

| | |
|---|---|
| स्लोवेनिया | 080 688882 |
| स्पेन | 900 906 451 |
| सेंट बार्थेलेमी | +33 1 85 14 96 65 |
| सेंट मार्टिन | +33 1 85 14 96 65 |
| सेंट पिएरे और मिक्वेलान | +33 1 85 14 96 65 |
| स्वालबार्ड और जान मायेन | 800 62 425 |
| स्वीडन | 020-012 52 41 |
| वेटिकन सिटी | 800 599 102 |
| वालिस और फ़्यूचूना | +33 1 85 14 96 65 |

परिभाषाएं

## आपकी सामग्री

हमारी सेवाओं का इस्तेमाल करके, Google पर जो चीजें बनाई, अपलोड, सबमिट, सेव, भेजी, पाई या शेयर की जाती हैं. जैसे:

- आपके बनाए Docs, Sheets, और Slides
- Blogger पर अपलोड किए गए आपके ब्लॉग पोस्ट
- आप Maps पर जो समीक्षाएं सबमिट करते हैं

- वीडियो, जिन्हें आप Drive पर सेव करते हैं
- वे ईमेल जिन्हें आप Gmail से भेजते और पाते हैं
- Photos का इस्तेमाल करके दोस्तों के साथ शेयर की गई तस्वीरें
- ऐसे यात्रा कार्यक्रम जिन्हें आप Google के साथ शेयर करते हैं

## ईयू (यूरोपीय संघ) का कारोबार के लिए प्लैटफ़ॉर्म के बारे में रेगुलेशन

ऑनलाइन मध्यस्थता सेवाओं का इस्तेमाल करने वाले कारोबारियों के लिए ईमानदारी और पारदर्शिता को बढ़ावा देने से जुड़ा रेगुलेशन (ईयू) 2019/1150

## उपभोक्ता

ऐसा व्यक्ति जो Google की सेवाओं का इस्तेमाल अपने व्यापार, कारोबार, काम, या पेशे से अलग निजी, गैर-व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए करता है. इसमें ईयू (यूरोपीय संघ) के उपभोक्ता अधिकारों के लिए तय दिशा-निर्देशों की धारा 2.1 में बताए गए "उपभोक्ता" शामिल हैं. (कारोबारी उपयोगकर्ता देखें)

## कमर्शियल गारंटी

कमर्शियल गारंटी एक वादा है, जिसे प्रॉडक्ट बेचने वाला व्यापारी या कंपनी अपनी इच्छा से करती है. यह उपभोक्ता को गड़बड़ी से जुड़ी कानूनी गारंटी के साथ मिलने वाली अतिरिक्त गारंटी होती है. कमर्शियल गारंटी देने वाली कंपनी सहमति देती हैं कि वे (a) चुनिंदा सेवाएं देंगी; या (b) खराब सामान की मरम्मत करेंगी, उसके बदले नया सामान देंगी या इसके लिए उपभोक्ता को रिफ़ंड देंगी.

## कानूनी गारंटी

कानूनी गारंटी, एक कानूनी शर्त है. इसके तहत, अगर किसी डिजिटल कॉन्टेंट, सेवा या प्रॉडक्ट में कोई गड़बड़ी मिलती है, इसके लिए वही व्यापारी या कंपनी कानूनी तौर पर जवाबदेह होती है जिसने वह कॉन्टेंट, सेवा या प्रॉडक्ट बेचा है.

## कारोबारी उपयोगकर्ता

एक व्यक्ति या कोई इकाई जो उपभोक्ता नहीं है (उपभोक्ता के बारे में जानें).

## कॉपीराइट

ऐसा कानूनी अधिकार जो किसी मौलिक काम (जैसे कि ब्लॉग पोस्ट, फ़ोटो या वीडियो) बनाने वाले को यह फ़ैसला लेने देता है कि दूसरे लोग उसके मौलिक काम का इस्तेमाल कर सकते हैं या नहीं और अगर हां तो उसका तरीका क्या होगा. इसके इस्तेमाल पर कुछ पाबंदियां लागू की जा सकती हैं और इससे जुड़े कुछ अपवाद भी हो सकते हैं.

## कोई गड़बड़ी

यह एक कानूनी सिद्धांत है. किसी चीज़ को कैसे काम करना चाहिए और वह असल में कैसे काम करती है, इस अंतर को यह सिद्धांत समझाता है. कानून के तहत, किसी चीज़ को कैसे काम करना चाहिए, यह उसे बेचने वाले व्यापारी या कंपनी की दी गई जानकारी के हिसाब से तय होता है. उदाहरण के लिए, प्रॉडक्ट की क्वालिटी और परफ़ॉर्मेंस उम्मीद के मुताबिक है या नहीं और वह प्रॉडक्ट उस काम के लिए सही है या नहीं जिसके लिए उसे आम तौर पर इस्तेमाल किया जाता है.

## खंडन

किसी की कानूनी जवाबदेही का दायरा बताने वाला बयान.

## ट्रेडमार्क

व्यापार में इस्तेमाल होने वाले निशान, नाम, और इमेज जिनसे किसी व्यक्ति या संगठन के उत्पाद या सेवाएं दूसरे व्यक्ति या संगठन के उत्पाद या सेवाओं से अलग पहचानी जा सकती हैं.

## नुकसान की भरपाई करना या क्षतिपूर्ति

अनुबंध के मुताबिक किसी व्यक्ति या संगठन की वह जवाबदेही जिसके मुताबिक उसे किसी दूसरे व्यक्ति या संगठन को मुकदमे जैसी कानूनी कार्यवाही में हुए नुकसान की भरपाई करनी होगी.

## बौद्धिक संपत्ति के अधिकार (आईपी अधिकार)

ऐसी चीज़ों पर अधिकार जिसे बनाने में किसी व्यक्ति के दिमाग का इस्तेमाल हुआ हो. इनमें आविष्कार (पेटेंट के अधिकार), साहित्य और कला से जुड़ी चीज़ें (कॉपीराइट), डिज़ाइन (डिज़ाइन के अधिकार), और व्यापार में इस्तेमाल होने वाले चिह्न, नाम, और इमेज (ट्रेडमार्क) शामिल हैं. बौद्धिक संपत्ति पर आपका, किसी दूसरे व्यक्ति या किसी संगठन का अधिकार हो सकता है.

## संगठन

एक कानूनी इकाई (जैसे कोई निगम, गैर-लाभकारी संगठन या स्कूल), न कि कोई व्यक्ति.

## सहायक कंपनी

ऐसी इकाई जो Google ग्रुप की कंपनियों यानी Google LLC और उसके नियंत्रण वाली कंपनियों से संबंधित है, जिनमें ईयू (यूरोपीय संघ) में उपभोक्ता सेवाएं देने वाली ये कंपनियां शामिल हैं: Google Ireland Limited, Google Commerce Ltd, और Google Dialer Inc.

## सेवाएं

इन शर्तों के तहत उपलब्ध कराई जाने वाली Google की सेवाएं, ऐसे प्रॉडक्ट और सेवाएं हैं जिनके नाम https://policies.google.com/terms/service-specific पर दिए गए हैं. इनमें ये सेवाएं शामिल हैं:

- ऐप्लिकेशन और साइटें (जैसे कि Search और Maps)
- प्लैटफ़ॉर्म (जैसे कि Google Shopping)
- दूसरी सेवाओं के साथ जोड़ी गई सेवाएं (जैसे कि दूसरी कंपनियों के ऐप्लिकेशन या साइटों में जोड़े गए Maps)
- डिवाइस और अन्य प्रॉडक्ट (जैसे कि Google Nest)

इनमें से कई सेवाओं में ऐसा कॉन्टेंट भी शामिल होता है जिसे स्ट्रीम किया जा सकता है या जिसके साथ इंटरैक्ट किया जा सकता है.